# पटवारी ने किसानों की उठाईं समस्याएं

▸ राज्य सरकार पर साधा निशाना : कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को सागर जिले की कृषि मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की.**

पटवारी बड़ामलहरा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, जहां संत रविदास जी और गंगा मैया की मूर्तियों की स्थापना की जा रही थी. इस दौरान उन्होंने कहा कि संत रविदास का समता और मानवता का संदेश तथा गंगा मैया का आशीर्वाद प्रदेशवासियों का मार्गदर्शन करता रहे.



मंडी निरीक्षण के दौरान किसानों ने अव्यवस्थाओं, गेहूं खरीदी में देरी और बारदान (बोरी) की कमी को लेकर नाराजगी जताई. इस पर पटवारी ने आरोप लगाया कि यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सरकार की नीयत की कमी को दर्शाता है. सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई है, जिससे किसान गर्मी में मंडियों के बाहर इंतजार करने को मजबूर हैं. उन्होंने कहा, मंडी चार दिन से बंद है और सरकार जश्न में व्यस्त है, जबकि अधिकारी एसी कमरों में बैठकर किसानों की परेशानियों से अनजान बने हुए हैं.

पटवारी ने किसानों की आय आठ गुना बढ़ने के दावों पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या वास्तव में किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है.

उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि घोषित किसान कल्याण वर्ष अब किसान शोषण वर्ष बन गया है. अंत में उन्होंने सागर कलेक्टर से मंडी व्यवस्था सुधारने, गेहूं खरीदी शीघ्र शुरू करने और किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की.

## संविधान निर्माता पर अभद्र टिप्पणी, कुक्षी में प्रकरण दर्ज

**धार, 9 अप्रैल.** जिले के कुक्षी क्षेत्र में सोशल मीडिया पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, भारतीय संविधान और पुलिस प्रशासन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कुक्षी निवासी संजय परसाई ने डॉ. अंबेडकर, संविधान और पुलिस प्रशासन के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया. इस संबंध में स्क्रीनशॉट और लिंक साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए. शिकायत जयस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविराज बघेल द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें कहा गया कि इस प्रकार की टिप्पणी से सामाजिक और धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं.

# ऐसा काम करें कि स्वयं को हो संतुष्टि

### अभिमुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. भोपाल स्थित मप्र जल एवं भूमि प्रबन्ध संस्थान में नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं विकास खंड अधिकारियों के अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन समारोह हुआ.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नवनियुक्त अधिकारियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आगामी 3 वर्षों में ऐसा कार्य करें जिससे उन्हें स्वयं संतुष्टि प्राप्त हो. उन्होंने कहा कि आपकी आत्मसंतुष्टि ही इस बात का प्रमाण होगी कि आप आमजन के जीवन में कितना सकारात्मक परिवर्तन लाये है.



मंत्री पटेल ने अधिकारियों से उनके कार्य क्षेत्र, भविष्य की योजनाओं एवं चुनौतियों पर चर्चा की तथा उन्हें निरंतर संवाद बनाए रखने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि संवाद बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है और इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता आती है. उन्होंने आगे कहा कि कई बार हम यह सोचते हैं कि हम सभी कार्य कर सकते हैं, जो सकारात्मक सोच है, लेकिन अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कार्य करने से बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं. हर कार्य को एक स्पष्ट लक्ष्य, सुदृढ़ योजना और टीम वर्क के साथ किया जाए तो सफलता सुनिश्चित होती है. इस अवसर पर नव नियुक्त अधिकारियों ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को साझा किया. अधिकारियों ने बताया कि विगत 45 दिनों से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने उन्हें प्रशासनिक कार्य प्रणाली को समझने, विभिन्न क्षेत्रों का अवलोकन करने तथा जमीनी स्तर पर कार्य करने के व्यावहारिक पहलुओं को जानने का अवसर प्रदान किया. प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न स्थानों का भ्रमण करने का अवसर मिला, जिससे उन्होंने आने वाली चुनौतियों को समझते हुए अपने कार्य की रूपरेखा पर भी चर्चा की.

# कृति सेनन ने पुलिस की सराहना की

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. अभिनेत्री एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की गुडविल एंबेसडर कृति सेनन ने भोपाल के महिला थाने में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में भाग लेते हुए राज्य के जनोन्मुखी पुलिसिंग मॉडल की सराहना की.**

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के प्रयासों को रेखांकित करना था. इसमें सामाजिक संगठनों, सर्वाइवर महिलाओं, छात्रों और बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह एक बहुआयामी और प्रभावशाली पहल बन गई. कार्यक्रम में 'आरंभ' की अर्चना सहाय और




'संगिनी' की प्रार्थना मिश्रा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए. एक भावनात्मक सत्र के दौरान 'नाता प्रथा' और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से प्रभावित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए.

बीएसएस कॉलेज के 'मयार ग्रुप' द्वारा नशा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. वहीं झुग्गी बस्तियों के बच्चों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के अंत में कृति सेनन ने परिसर का दौरा कर इस पहल को समावेशी और संवेदनशील पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया.

## गैस पाइपलाइन फटने से आग में चार लोग झुलसे


**मुरैना, 9 अप्रैल.** शहर में पानी की लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान पीएनजी लाइन फटने से आग लग गई, जिसमें दुकान संचालक सहित चार लोग बुरी तरह झुलस गए. आधिकारिक जानकारी के अनुसार एमएस रोड स्थित नेहरू पार्क के पास पानी की पाइपलाइन टूटने के बाद नगर निगम कर्मचारी जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसे ठीक कर रहे थे. इसी दौरान नीचे से गुजर रही गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और उससे निकली गैस पास में जल रही हलवाई की भट्टी के संपर्क में आ गई, जिससे अचानक आग भड़क उठी. आग की चपेट में आने से दुकान के बाहर रखा सामान जलकर राख हो गया और दुकान संचालक सहित चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए. घटना की सूचना मिलते ही दमकल दल और गैस पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया.

# 1616 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. प्रदेश के चार संभागों में आधी-अधूरी व्यवस्था के साथ गेहूं की खरीदी शुरू हुई. पहले ही दिन इंतजाम नाकाफी थे, मंडियों में खरीदी की केवल औपचारिकताएं ही की गईं. खरीदी की रस्म अदायगी को सरकारी आंकड़ों से ही समझा जा सकता है.**

पहले दिन इंदौर, भोपाल, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग जो कि गेहूं के बड़े क्षेत्रों में शुमार किए जाते हैं, यहां से महज 1616 क्विंटल गेहूं की ही खरीदी की जा सकी. पहले दिन केवल 45 मंडी ही खरीदने की तैयारी कर सके. राज्य सरकार ने पहले इन संभागों में खरीदी के लिए एक अप्रैल का समय तय किया था, बाद में उसे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया, लेकिन जब विरोध बढ़ा, तो फिर इसे 9 अप्रैल कर दिया गया.



उसके बाद भी इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं. इधर खरीदी में देरी से किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है. मौके को कांग्रेस ने हाथों हाथ लपका और प्रदेशभर में किसानों को लेकर आंदोलन भी शुरू कर दिया. इधर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने व्यवस्थाओं को पूरी तरह चाक-चौबंद बताया है. उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं.

> राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में गेहूँ उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है. विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं.

## डायल-112 टीम ने हादसे में घायलों की बचाई जान

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल.** डायल-112 ने एक बार फिर आपात स्थितियों में अपनी विश्वसनीयता साबित करते हुए मंदसौर जिले में सड़क दुर्घटना में घायल यात्रियों को सुरक्षित बचाया. 8 अप्रैल को भोपाल स्थित राज्य पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि दलौदा थाना क्षेत्र के लकमा खेड़ी के पास एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया है. सूचना में बताया गया कि चार बच्चों सहित करीब 10 यात्री घायल हुए हैं. घटना की गंभीरता को देखते हुए दलौदा क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहनों को तत्काल मौके पर भेजा गया. घटनास्थल पर पहुंचने पर आरक्षक मुजीब रहमान और पायलट बबलू शर्मा ने वाहन को क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया, जिसमें कई यात्री घायल थे.

## एक नजर में

### सागौन तस्कर गिरफ्तार, तीन फरार

**पन्ना, 9 अप्रैल.** मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में सागौन वृक्षों की अवैध कटाई में लिप्त तस्करों के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके तीन साथी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए. वन विभाग के अनुसार यह कार्रवाई 8 अप्रैल को पन्ना टाइगर रिजर्व के बकचुर बीट क्षेत्र में की गई. सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जंगल में सागौन वृक्षों की कटाई कर रहे हैं, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की. टीम की आहट मिलते ही तस्कर भागने लगे, लेकिन पीछा कर एक आरोपी सुरेन्द्र सिंह गोंड निवासी खजरी कुडार को पकड़ लिया गया.

### हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**धार, 9 अप्रैल.** शहर की थोक सब्जी मंडी में व्यापारियों और किसानों पर धारदार हथियारों से हमला कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद अब मंडी क्षेत्र में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी. पुलिस के अनुसार आरोपी रुपेश पिता ओमप्रकाश और रोहित पिता भेरु निवासी आमखेड़ा को चंदेल भवन तिराहे से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे वारदात के बाद भागने की फिराक में बस का इंतजार कर रहे थे. दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है. यह घटना 8 अप्रैल की सुबह तिरला रोड स्थित थोक सब्जी मंडी में हुई थी, जहां आरोपी हथियार लेकर पहुंचे और व्यापारियों तथा किसानों से विवाद करते हुए मारपीट की. बताया गया कि सब्जी चोरी को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया. घटना के बाद सब्जी विक्रेता संघ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी.

# दिल्ली-अशोकनगर के बीच विशेष ट्रेन का संचालन

**भोपाल, 9 अप्रैल.** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने बैसाखी पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली और अशोकनगर के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन तीर्थ यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए संचालित की जाएगी.

गाड़ी संख्या 04004 दिनांक 11 अप्रैल 2026 (शनिवार) को दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से दोपहर 12:15 बजे प्रस्थान कर अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 04003 दिनांक 15 अप्रैल 2026 (बुधवार) को शाम 5:00 बजे अशोकनगर से रवाना होकर 16 अप्रैल को सुबह 8:45 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुंचेगी. इस विशेष ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 1 थर्ड एसी, 2 स्लीपर, 19 जनरल और 2 एसएलआर कोच शामिल हैं. ट्रेन दोनों दिशाओं में फरीदाबाद, पलवल, कोसीकलां, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर, ग्वालियर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन और बीना जंक्शन जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करेगी.



## एसटीएफ ने हैरी बॉक्सर को किया गिरफ्तार

**भोपाल, 9 अप्रैल.** मध्यप्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हैरी बॉक्सर गैंग के मुख्य सदस्य प्रदीप शुक्ला को मुरैना जिले से गिरफ्तार किया है. आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था.

यह कार्रवाई अशोकनगर, इंदौर, भोपाल और खरगोन जिलों में हुए संगठित अपराधों की जांच के तहत की गई. मामला फरवरी माह का है, जब अशोकनगर में एक व्यापारी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर रंगदारी की धमकी दी गई थी. पुलिस के अनुसार, प्रदीप शुक्ला ने अपने साथियों को फरियादी के घर की रेकी करने और फायरिंग करने के निर्देश दिए थे.

# बारिश और ओलावृष्टि से बदला मौसम

▸ 32 जिलों में तेज हवाओं का अलर्ट

▸ बारिश-ओले से 5 डिग्री गिरा तापमान



**भोपाल, 9 अप्रैल. मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ है. प्रदेश के आसपास सक्रिय चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर जारी है. पिछले 24 घण्टे में राजधानी भोपाल सहित करीब 15 जिलों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि भिंड और श्योपुर में ओलावृष्टि ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी.**

अचानक बदले मौसम के कारण अधिकतम तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन अस्थिरता बनी हुई है. वहीं न्यूनतम तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी है.

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के पूर्वी हिस्से के सात जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना है. इसके अलावा लगभग 32 जिलों में तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है. लोगों को सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी गई है.

हालांकि 10 अप्रैल से मौसम में कुछ राहत मिल सकती है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 10, 11 और 12 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जिससे बारिश का सिलसिला अस्थायी रूप से थम सकता है. लेकिन यह राहत ज्यादा लंबी नहीं होगी. 11 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसके चलते एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है और प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश देखने को मिल सकती है. जबलपुर, भेड़ाघाट और नरसिंहपुर में गरज के साथ बिजली चमकी, जबकि बालाघाट, सीधी, सिंगरौली, दतिया, रायसेन, सागर और नर्मदापुरम सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई. ओरछा में 52 मिमी और शिवपुरी में 29.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई. मौसम में इस बदलाव के पीछे कई सिस्टम सक्रिय हैं, जिनमें उत्तरी पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के ऊपर बना पश्चिमी विक्षोभ, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती घेरे, तथा छत्तीसगढ़ क्षेत्र में सक्रिय ऊपरी हवा का चक्रवात शामिल हैं. यही वजह है कि प्रदेश में लगातार मौसम अस्थिर बना हुआ है.

# एमपी पुलिस आरक्षक भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल.** मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पदों पर भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है. यह भर्ती प्रक्रिया मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की गई थी, जिसके तहत अगस्त 2025 में 7,500 पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई थी. इस भर्ती के लिए प्रदेशभर से 9 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जो युवाओं में पुलिस सेवा के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है. लिखित परीक्षा प्रदेश के विभिन्न शहरों में लगभग एक माह की अवधि में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया.




# सिंघार ने किसानों के साथ किया विरोध प्रदर्शन

▸ सरकार की नीतियोंमिस को

विशेष संवाददाता

**सीहोर, 9 अप्रैल. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुरुवार को सीहोर में किसानों के विरोध प्रदर्शन और कलेक्टर कार्यालय घेराव में भाग लिया. उन्होंने भाजपा सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों पर गंभीर चिंता जताई. इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ धरने पर बैठकर उनका समर्थन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे.**



सभा को संबोधित करते हुए सिंघार ने 19 लाख किसानों के पंजीकरण और 1.60 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं की मांग के मुकाबले केवल 78 लाख मीट्रिक टन खरीदी पर सवाल उठाए. उन्होंने शेष उपज के भविष्य को लेकर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा और प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि खरीदी में देरी के कारण छोटे किसानों को मजबूरी में अपनी फसल औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ी. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान खरीदी कांग्रेस के दबाव में शुरू हुई है. साथ ही, 400 प्रति क्विंटल लाभ योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि यह राशि किसानों के बजाय बिचौलियों तक पहुंच रही है.

## यूसीसी पर स्पष्टता मांगी

भोपाल. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुरुवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की. सिंघार ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रस्तावित यूसीसी में दलित और आदिवासी समुदायों को शामिल किया जाएगा या नहीं, और क्या उनके अधिकारों, परंपराओं एवं रीति-रिवाजों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी पहचान की अनदेखी करते हुए एक समान ढांचा थोपा गया, तो यह अन्याय होगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी कदम का मजबूती से विरोध करेगी.

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**भोपाल, 9 अप्रैल.** जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (शहर एवं ग्रामीण) ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल ने किया .कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गेहूं खरीदी में लगातार देरी के कारण किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं. उन्होंने खरीदी तिथियों को बार-बार 23 मार्च से 1 अप्रैल, फिर 10 अप्रैल और आगे बढ़ाने को तारीख पर तारीख बताते हुए कहा कि इससे किसानों में व्यापक आक्रोश है. खरीदी केंद्र समय पर शुरू नहीं होने से किसानों को अपनी उपज लेकर भटकना पड़ रहा है.


**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
**Municipal Corporation Chhindwara**

शुक्ला पाउण्ड के पास वार्ड न. 30 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ईमेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाइट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/110 / लोनिवि/नपानि / 2025-26 छिंदवाड़ा दिनांक 07/04/2026

**// निविदा सूचना //**

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https//www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रंमाक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_498272_1 Date-08/04/2026 | Installtion of New Vertical turbine pump for kulbehhra water Works | 1. 40,35,070.00 2. 2 माह | 1. 5, 000.00 2. 31, 000.00 | 07/05/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा